अध्यक्ष महोदय : प्रेस का भी कोई फंक्शन है या नहीं ? प्रेस किस लिए हैं। अगर ऐसी खबरें न निकालें तो किस लिए वह हैं ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (Shri K. R. GANESH): The position is that the Pay Commission will submit their Report to the Finance Minister on 31st March. We are not aware of any report which has been submitted. We ourselves do not know how it is coming in the Press. It is for the Pay Commission to decide.

RE. STRIKE IN J.K. MILLS, KANPUR

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Mr. Speaker, Sir, there is a sixty-two day old strike going on in J. K. jute mill at Kanpur. Singhanias are one of the biggest employers in the country and they are owning this mill. I am told that they are not inclined to have any negotiated settlement despite the fact there was a letter by the Union Labour Minister written to the State Labour Minister. One of their demands is regarding piece-work rates and their second demand is about payment of same wages as jute workers in Calcutta are getting. Both the demands are linked up with the policy of the Central Government. I want the Labour Minister to make a statement immediately; otherwise we shall demand that this mill be taken over from J. K. If this matter is not settled within two or three days there is going to be strike in all textile units in Kanpur. If the Labour Minister of U.P. is afraid of J. K. If the Chief Minister of U.P. is afraid of J. K. because of the election funds, I would request the hon. Labour Minister and the hon. Prime Minister that they should come to the rescue of the 4,000 striking workers of this mill. Since the Labour Minister is here, let him make some statement. Mr. Speaker, Sir, I beg of you to ask the Labour Minister to make a statement.

MR. SPEAKER: Mr. Banerjee, there is no question of begging. If he is ready to make a statement, I have no objection. It will be sent to him.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down. What is this going on everyday? I am not going to allow it. I am not going to allow anybody. There is a limit to everything. You go on wasting the time of the House. Nothing from a member who is not permitted by the Chair is going on record.

12.38 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1973-74—*contd.*

MINISTRY OF HOME AFFAIRS—*contd.*

MR. SPEAKER: Further discussion and voting on the Demands for Grants under the central of the Ministry of Home Affairs.

Shri Vajpayee

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : गृह मन्त्रालय की मांगों पर विचार करने से पहले मैं सीमा सुरक्षा दल के उन जवानों तथा अफसरों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित रकना चाहता हूं जिन्होंने 1971 के भारत पाक युद्ध में और बंगला देश के मुक्ति के संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी। इस संकट काल में सीमा सुरक्षा दल ने प्रशंसनीय कार्य करके दिखाया है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी पीट ठोंकें और जवानों के बच्चों की पढ़ाई लिखाई और उनके आवास की व्यवस्था की ओर समुचित ध्यान दें। मुझे ग्वालियर के निकट टेकनपुर में उनके प्रशिक्षण केन्द्र में जाने का मौका मिला था। उनकी प्रशिक्षा का प्रबन्ध बहुत उतम है, लेकिन उनके बच्चों के पठन पाठन और आवास के प्रबन्ध में कमी है जिसकी ओर गृह मन्त्रालय का ध्यान जाना चाहिए।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

गृह मंत्रालय को हमारा घरेलू मोर्चा सम्हालना है। गृह मंत्रालय सम्बन्धी रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा गया है कि मोटे तौर पर देश की आन्तरिक सुरक्षा, विधि शासन को बनाये रखना और उन्नत करना, सार्वजनिक व्यवस्था कायम रखने में राज्यों की सहायता करना, संघ राज्य क्षेत्रों का प्रशासन करना तथा केंद्र और राज्यों के सम्बन्ध गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं। स्पष्ट है कि देश की एकता की रक्षा गृह मंत्रालय का एक प्रमुख कर्त्तव्य है।

आज देश में एक विस्फोटक वातावरण है। असम में भाषा के सवाल पर व्यापक उपद्रव हुये और सरकार जन धन और सम्मान की रक्षा करने के अपने प्राथमिक कर्तव्य का भी पालन नहीं कर सकी। आंध्र में जो व्यापक जन आन्दोलन हो रहा है उसे कुचलने के लिये अनेक दमनकारी तरीके आपनाये जा रहे हैं लेकिन उससे वास्तविक समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। आज सारे देश में एक असन्तोष की लहर दौड़ रही है। सवालों को सड़कों पर लाकर हल करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। एक छोटासा काण्ड, एक साधारण सा आन्दोलन हिंसात्मक स्वरूप धारण कर लेता है। यह खेद का विषय है कि गृह मंत्रालय इस सम्बन्ध में अपने कर्त्तव्य का पालन करने में सफल नहीं हुआ है। यदि जनता की व्यथा का निराकरण करने में बिलम्ब होगा, यदि असन्तोष को एकत्र होने दिया जायेगा, यदि उचित मांगों पर तुरन्त कार्यवाही नहीं की जायेगी तो फिर जनता का असन्तोष ऐसा रूप लेकर फूटेगा जिसे स्वस्थ नहीं कहा जा सकता है और जिसमें लोकतांत्रिक प्रणाली के लिये भी संकट पैदा हो सकता है। इसके लिये शासन के रवैये में बुनियादी परिवर्तन आवश्यक है।

कल इस विवाद में अलीगढ़ विश्वविद्यालय उर्दू को दूसरी राज भाषा बनाने, कई भागों में हुये दुर्भाग्यपूर्ण साम्प्रदायिक दंगों की काफी चर्चा की गई। मेरी पार्टी का नाम भी घसीट कर हम पर अनर्गल आरोप लगाये गये। हमारा निश्चय मत है कि जहां साम्प्रदायिक दंगा होता है वहां दंगा करने वाले फिर वे किसी भी समाज के व्यक्ति हों उनका दृढ़ता से दमन होना चाहिये। दंगे में जिनकी क्षति होती है उनको पूरा मुआवजा दिया जाना चाहिये। लेकिन दंगों के बुनियादी कारणों में भी जाना आवश्यक है। हम आशा करते थे कि पाकिस्तान का विभाजन हो गया, मजहब के आधार पर बना पाकिस्तान एक नहीं रह सका, स्वाधीन बंगलादेश का अभिर्भाव हुआ, अब भारत का भी वातावरण बदलेगा और मजहब के आधार पर संघर्ष या विभेसाधिकारों की मांग नहीं होगी लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के विभाजन और बंगलादेश की मुक्ति से हमने कोई पाठ नहीं सीखा। आज भी मजहब के आधार पर लोगों को भड़काने की कोशिश की जा रही है। अभी दिल्ली में 10–11 मार्च, को एक सम्मेलन आयोजित किया गया था, उसमें भाषण दिये गये। एक व्यक्ति ने कहा, मैं उनके शब्दों को उद्धृत करना चाहता हूं :

> "जिस इन्दिरा को हम तख्त पर बिठा सकते हैं उसे हम तख्ते पर भी बिठा सकते हैं"।

यह भी कहा गया :

सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,
देखना है जोर कितना बाजुये कातिल में है।

श्री फखरुद्दीन अली अहमद के बारे में कहा गया है कि उनके नाम में "ख" भी है और "र" भी है और यदि दोनों को मिला दें तो "खर" बनता है। उनके विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग किया गया। श्री नूरुल हसन साहब को नमक हराम कहा गया। ... (व्यवधान) और वहां पर जाने वालों में शमीम साहब के नेता शेख अब्दुल्ला भी थे।

श्री एस० ए० शमीम : (श्रीनगर) : आपके बांई तरफ वाले श्री पीलू मोदी भी थे ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : मैं अपने दायें बायें वालों से कोई मतलब नहीं रखता ।

श्री एस० ए० शमीम : मेरा भी कोई नेता नहीं है, मैं अपना नेता आप हूं ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : आप अपने नेता भी हैं और अपने अनुयायी भी आप ही हैं । न इनका कोई नेता है और न इनके पीछे चलने वाला कोई है ।

श्री एस० ए० शमीम : इसीलिये दयानतदारी से बात करता हूं ।

श्री इसहाक सम्भली (अमरोहा) : डा० फरीदी ने कहा है कि हम जनसंघ से कोआपरेशन लेंग । (व्यवधान) ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : डा० फरीदी ने यह भी कहा है कि जनसंघ कोआपरेशन के लिये बिल्कुल तैयार नहीं है (व्यवधान) . . .

मैं जानना चाहता हूं कि आज देश का साम्प्रदायिक वातावरण क्यों बिगड़ रहा है ? आज मुस्लिम समाज में से एक वर्ग ऐसा क्यों निकल रहा है जो बम्बई में खड़े होकर कहता है कि हम बन्दे मातरम कहने के लिये तयार नहीं हैं ? बंदे मातरम इस्लाम का विरोधी नहीं है । क्या इस्लाम को मानने वाले जब नमाज पढ़ते हैं तो इस देश की धरती पर, इस देश की पाक जमीन पर सिर नहीं टेकते हैं ?

श्री एस० ए० शमीम : खुदा के लिये ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : मगर सिर जमीन पर टेका जाता है । इस जमीन से पैदा हुआ अन्न हम खाते हैं । यह जमीन आखिरी क्षणों में हमको अपनी बाहों में लपेट लेती है । क्या दुनियां के और देशों में राष्ट्र गीत नहीं हैं ?

श्री एस० ए० शमीम : राष्ट्रगीत तो जनगणमन है ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : मैं यही गलतफहमी आपको दूर करना चाहता हूं ।

श्री एस० ए० शमीम : कर लीजिये जितनी जल्दी हो सके ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : कल भी आपने यही बात कही थी । मेरे पास संविधान परिषद की कार्यवाही है ।

यह अध्यक्ष महोदय का दिया गया वक्तव्य है :

"24.1-1950: Statement regarding National Anthem.

MR. PRESIDENT: There is one matter which has been pending for discussion, namely, the question of the National Anthem. At one time it was thought that the matter might be brought before the House and a decision taken by the House by way of a Resolution. It has been said that instead of taking a formal decision by means of a resolution it is better if I make a statement with regard to the National Anthem. Accordingly I make this statement.

The composition consisting of the words music known as Jana Gana Man is the National Anthem of India subject to such alterations in one word as the Government may authorise as the occasion arises and the song Vande Matharam which has played a historic part in the struggle for Indian freedom shall be honoured equally with Jana Gana Man and

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

shall have equal status with it.... (Applause) I hope this will satisfy the Members."

अध्यक्ष महोदय, बम्बई में झगड़ा प्रारम्भ हुआ जब उर्दू मदरसों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने 26 जनवरी को बंदे मातरम कहे जाने पर खड़े होने से इन्कार कर दिया।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेट (कोजीकोड) : जब्र किया है।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : जब्र किसी पर नहीं किया जाता है।

श्री एस० ए० शमीम : कहा गया कि जो नहीं पढ़ेगा उसको मार डालेंगे। स्कूल बन्द कर दिया गया ... (व्यवधान)।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : अध्यक्ष जी, क्या कोई कल्पना कर सकता था कि देश के .....(व्यवधान)।

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): Mr. Speaker, Sir, I committed a mistake. Instead of 'President', I said 'Jawaharlal Nehru'. I am requesting Shri Vajpayee to make that correction. When I quoted this Resolution, by mistake, instead of 'President' I said 'Jawaharlal Nehru'.

श्री अटल बिहारी बाजपेयी: अध्यक्ष जी, क्या किसी ने यह कल्पना की थी .... (व्यवधान)।

SHRI R. S. PANDEY (Rajnandgaon): *Vande Mataram* is the prayer of the motherland.

SHRI S. A. SHAMIM: There are other songs also.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): Whether you agree or disagree, this is a democratic way of saying.

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : Nobody can be allowed to disagree on such issues.

कल यह कहेंगे कि तिरंगा झंडा है मगर हम तिरंगे झंडे के सामने नहीं झुकेंगे क्योंकि हम अल्लाह के सामने झुकते हैं, तिरंगे के सामने नहीं झुकेंगें। हिन्दुतान में रहने वाले हर आदमी को तिरंगे के सामने झुकना पड़ेगा .... (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, पट्रीआटिज्म के अर्थ अलग अलग नहीं होते हैं।

श्री एस० ए० शमीम : होते हैं अलग अलग। आपका उसूल है कि मुसलमान पैट्रियाट नहीं होते। जब कि हमारा उसूल है कि हिन्दुस्तान में रहने वाला हर पैट्रियाट है।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : अगर हमारा यह उसूल होता अध्यक्ष महोदय, तो पंडित प्रेम नाथ डोगरा की सीट पर जम्मू में जहां दो फीसदी मुसलमान हैं हम एक मुसलमान को चुन कर जम्मू-कश्मीर की विधान सभा में नहीं भेजते। वहां कांग्रेस का एक केडीडिट हिन्दू खड़ा था और यह प्रचार किया गया कि जनसंघ ने हिन्दू की सीट मुसलमान को दे दी, फिर भी लोगों ने हमको वोट दिया है।

श्री एस० ए० शमीम : ऐसे बहुत से हिन्दू मुस्लिम लीग में भी पाये जायेंगे।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : हिन्दू मुस्लिम लीग में पाये जायेंगे ? और आप भारतीय जनसंघ में पाये जायेंगे।

श्री एस० ए० शमीम : खुदा मुझे उससे पहले मौत दे दे।

अध्यक्ष महोदय : अरे, आप इतना गरम क्यों हो रहे हैं ?

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि वंदे मातरम् के सवाल को लेकर जो दुर्भाग्यपूर्ण विवाद खड़ा हुआ है इसको समाप्त किया जाये । .... (**व्यवधान**) मुस्लिम लीग ने इसे खड़ा किया है । और अध्यक्ष महोदय, यह लीग तक ही सीमित नहीं रहा, बम्बई कारपोरेशन के कांग्रेस पार्टी के जो लीडर थे, श्री खंडवानी, उन्होंने भी उनका साथ दिया । अब प्रधान मंत्री कहती हैं कि बम्बई कारपोरेशन में सम्प्रदायवादी शक्तियां जीत गई हैं जिसका परिणाम हो रहा है वहां दंगे हो रहे हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि मुस्लिम लीग के साथ केरल में सरकार बना कर किसने साम्प्रदायिकता को जिलाया है ? आजाद हिन्दुस्तान में मुस्लिम लीग की जरूरत क्या है ? पार्टियां ऐसी होनी चाहियें जिनके दरवाजे सबके लिये खुले हों । भारत का हर नागरिक हर पार्टी में जा सके । लेकिन मुस्लिम लीग की निन्दा करने के बजाय मुस्लिम लीग के साथ सरकार बनायी जा रही है । वही मुस्लिम लीग जब बंदे मातरम् का विरोध करके बम्बई में जीतती है तो प्रधान मंत्री को रंज होता है । जो बीज आपने बोये हैं उनके कडवे फल आपको चखना पड़ेंगे । मैं यह भी कहता हूं कि साम्प्रदायिकता एक दुधारी तलवार की तरह से है मुस्लिम साम्प्रदायिकता को प्रोत्साहन दे कर आप दूसरे वर्ग की साम्प्रदायिकता से नहीं लड़ सकते ।

अब अलीगढ़ का मामला लाया जा रहा है, । अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि अलीगढ़ को लेकर यह क्या बवाल मचाया जा रहा है सारे देश में ? कहा जा रहा है कि अलीगढ़ युनिवर्सिटी का मुस्लिम कैरेक्टर सुरक्षित रहना चाहिये । क्या मतलब है मुस्लिम कैरेक्टर का ? मुसलमान केवल हिन्दुस्तान में नहीं हैं, मुसलमान बांगला देश में हैं, मुसलमान दुनियां के और देशों में हैं । क्या उन सबके विश्व-विद्यालयों का कैरेक्टर एक ही होगा ? विश्वविद्यालय जिस मिट्टी पर बना है उस मिट्टी का रंग विश्वविद्यालय पर चढ़ेगा या नहीं चढ़ेगा ? विश्वविद्यालय जिस समाज में काम करेगा उस समाज की आशा और अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेगा या नहीं करेगा ?

हां, कोई कहे कि वहां इस्लाम की पढ़ाई होनी चाहिये तो मुझे आपत्ति नहीं होगी । उस का प्रबन्ध है कहां । मुस्लिम थियोलोजी का अगर पठन पाठन का प्रबन्ध आवश्यक है तो वह भी किया जा सकता है । लेकिन उसे केवल माइनारिटी का इंस्टीट्यूटशन बनाया जाय, यह स्वीकार नहीं होगा । मेरा निवेदन है कि अलीगढ़ विश्वविद्यालय के मुस्लिम कैरेक्टर का सवाल पैदा नहीं होता । हिन्दुस्तान में हर एक विश्वविद्यालय स्वरूप में भारतीय होना चाहिये । यह बात जितनी अलीगढ पर लागू होती है उतनी हिन्दू विश्वविद्यालय पर लागू होती है । हर विश्वविद्यालय का स्वरूप भारतीय होना चाहिये । अलग अलग धर्मों, दर्शनों के पठन पाठन का इन्तजाम करें, इसमें कोई विरोध को आवश्यकता नहीं है ।

हां, विश्वविद्यालय का एक जो पहलू है उससे मेरा मतभेद है और वह यह है कि हर विश्वविद्यालय में सरकार अपना अधिकार बढ़ाने जा रही है .... (**व्यवधान**) ।

श्री एस० ए० शमीम : माइनारिटी राइट्स क्या होते हैं ?

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : माइनारिटी राइट्स कुछ नहीं होते हैं । माइनारिटी राइटस होते हैं लैंगुएज के बारे में, माइनारिटी राइट्स होते हैं इस्लाम के अध्ययन के बारे में । माइनारिटी राइटस यह नहीं कहते कि यूनिवर्सिटी हिन्दुस्तान में ऐसी बनेगी जिस में सारे प्रोफ़ेसर मुसलमान होंगे । इस सदन में

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

खुली चर्चा हो कि मुस्लिम कैरेक्टर का मतलब क्या है । .....

श्री सरजू पांडे (गाजीपुर) : मगर अलीगढ़ में यही सपोर्ट करते हैं ।

श्री इसहाक सम्भली : आप तो उसके लाइफ़ मेम्बर होने जा रहे हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम सपोर्ट नहीं करते हैं । अध्यक्ष जी, यह मौलाना साहब ऐसे हैं कि कम्युनिस्ट पार्टी में भी हैं, जमायेतुल-उलेमा में भी हैं । यह दोनों तरफ़ हैं । कम्युनिस्ट पार्टी इस्लाम नहीं मानती । मजहब नहीं मानती मगर मौलाना साहब जमायतुलउलेमा के मौलाना भी हैं । यह दोनों रंग खेल रहे हैं ।

श्री इसहाक सम्भली : आपको बेचैनी क्यों है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मुझे बेचैनी नहीं है । मैं आपका असली रंग सामने रख रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि विश्वविद्यालयों का लोकतन्त्रीकरण होना चाहिये । अलीगढ़ में अगर ऐकेडेमिक काउन्सिल नौमीनेटेड है तो गलत है ।

श्री बी० पी० मौर्या (हापुड़) : अलीगढ़ का आखिर में होना चाहिये, पहले औरों का होना चाहिये ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : देखिये आगे, पीछे नहीं, हम तो मांग कर रहे हैं कि बनारस विश्वविद्यालय काविधेयक लाओ । आप जानते हैं कि हम मांग कर रहेहैं कि उसको लाइये । ऐकेडेमिक काउन्सिल में नौमिनेटे मेम्बर ज्यादा हैं ही, ऐग्जीक्यूटिव काउन्सिल में नामजद मेम्बर ज्यादा हों, विजिटर को असाधारण अधिकार हों हम इस के हक में नहीं हैं । विश्वविद्यालयों का लोकतन्त्रीकरण हो और वह सब विश्वविद्यालयों पर लागू किया जाय । जो अलीगढ़ की वकालत कर रहे हैं उनसे मेरा निवेदन है कि माइनारिटी कैरेक्टर या मुस्लिम कैरेक्टर की बात मत करिये आटोनामी की बात करिये । यह आप नहीं कर रहे हैं ।

अभी श्री नुरुलहसन अलीगढ़ यनिवर्सिटी में गये थे, मगर अलीगढ़ युनिवर्सिटी में नुरुल हसन साहब को बोलने नहीं दिया गया । उनको खाना तक नहीं खाने दिया गया, उनकी कार पर जूते मारे गये । क्या मतभेद को प्रकट करने का यही तरीका है ? अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि जो गलीगढ़ का मामला उठा रहे हैं वह इस बारे में मुस्लिम कैरेक्टर की व्याख्या करें । यह सदन और यह देश अपना आखिरी तौर पर इस बारे में दिमाग बना ले ।

दूसरी चीज है उर्दू के बारे में । कल मौलाना इसहाक सम्भली ने कहा कि आज जनसंघ भी चुनाव जीतने के लिये उर्दू को उत्तर प्रदेश की दूसरी राजभाषा बनाने का समर्थन कर रहा है । यह ईउन्होंने कहां से सुना है ?

श्री इसहाक सम्भली : आपने टाउन हाल, मुरादाबाद, में यह कहा ।

श्री एस० ए० शमीम : और 25 तारीख को सात बजे शाम ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, जो अखबारी में खबर छपी थी वह टाउन हाल की नहीं थी । वह खबर यह थी कि मैंने वर्कर्स मीटिंग में कहा । मैंने उसका खण्डन किया ।

13.00 hrs.

खंडन इस बात का किया है कि मैं उर्दू को दूसरी राज भाषा बनाने के हक में हूं। मैं मानता हू कि उर्दू भारत में पदा हुई है उर्दू भारत की भाषा है, उर्दू फलनी और फूलनी चाहिये। जम्मू और काश्मीर में उर्दू राजभाषा के स्थान पर भी प्रतिष्ठित है। किसी ने इसका विरोध नहीं किया है। लेकिन हम यह नही मानते हैं कि उर्दू सारे मुसलमानों की भाषा है। हम यह भी नहीं मानते कि उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा है। उर्दू पढ़ने पढ़ाने की पूरी सुविधा दी जाये, उर्दू में कोई पुस्तक लिखे उसको प्रोत्साहन दिया जाये, उर्दू में अगर दरख्वास्तें आयें तो जहां तक सम्भव हो उनका जवाब भी उर्दू में देने की कोशिश होनी चाहिये। और यह बात केवल उर्दू पर लागू नही होती है। हमारे संविधान में लिखा है कि जहां पैटीशन दी जाये तो शासन द्वारा इंतजाम करने की कोशिश होनी चाहिये कि उसी में जवाब दिया जाये। अगर उर्दू के माध्यम से कोई पढ़ना चाहता है तो भी मुझे कोई ऐतराज नहीं है।

लेकिन उर्दू को राजभाषा बनाने का सवाल इतना सरल सवाल नहीं है। दूसरी राज भाषा बनाने की मांग के पीछे साम्प्रदायिक कारण हैं, अलगाव की राजनीति काम कर रही है। आपको दूसरी राज भाषा बनाने के लिये एक नियम बनाना पड़ेगा। किस प्रदेश में कौन सी भाषा बोलने वाले कितने फीसदी है तब वह भाषा राज भाषा बनाई जाये, यह आपको तय करना पड़ेगा। केवल उर्दू का सवाल नहीं है। असम में बंगला का भी सवाल है, पंजाब में हिन्दी का भी सवाल है। क्या आप उर्दू के लिये एक नियम बना देंगे और दूसरी भाषाओं के लिये दूसरे नियम? यह नहीं हो सकता है।

मेरा निवेदन है कि उर्दू को जिन कारणों से आन्दोलन का विषय बनाया जा रहा है, उस म उर्दू भाषा के विकास की भावना नहीं है। उर्दू के झंडे के तले सब मुसलमानों को ए कत्रित करने और विभाजन के पूर्व की मुस्लिम लीगी राजनीति को पुनरुज्जीवित करने की भावना काम कर रही है। इससे हमारा मतभेद है। हमारा कहना यह है कि अगर आप राज भाषा बनाने का निर्णय करेंगे तो हर कार्यालय में छोटा पाकिस्तान बन जायेगा।

आखिर उत्तर प्रदेश में क्या सभी मुसलमान उर्दू बोलते हैं? क्या ब्रज में रहने वाला मुसलमान ब्रज भाषा नहीं बोलता है? क्या अवध में रहने वाला मुसलमान अवधी नहीं बोलता है? मगर मुस्लिम लीग के जो सदस्य केरल मे चुनकर आये हैं, जो उर्दू बोल नहीं सकते हैं, वे उर्दू की वकालात कर रहे हैं और समझते हैं कि उर्दू मुसलमानों की भाषा है। यही बात जिन्ना ने कही थी कि हिन्दू और मुसलमान अलग हैं, हिन्दुओं की भाषा अलग है, मुसलमानों की भाषा अलग है। मेरा निवेदन है कि यह दृष्टिकोण गलत है। इस दृष्टिकोण का आप परित्याग कर दें, फिर उर्दू के लिये शासन में जो सुविधायें चाहियें, मिलेंगी। लेकिन उर्दू को राजनीति का हथियार न बनायें।

मैं कांग्रेसी मित्रों से भी कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में चुनाव आ रहे हैं। चुनावों में वोटों की लालसा स्वाभाविक है। प्रत्येक दल इसके लिये प्रयत्नशील है। लेकिन वोट से बड़ा देश हुआ करता है ... (**इंटरप्शन**) फरीदी से पिछले चुनाव से पहले जो आपने गुप्त समझौता किया था उसी का नतीजा सामने आ रहा है। जो पर्दे के पीछे वायदे किये गये हैं वे पूरे नहीं किये गये, इसीलिये आज फरीदी जी बिगड़ रहे हैं। मेरा कहना है कि मुसलमानों और उर्दू के सवाल को आप पार्टी का सवाल न बनायें। सब दल मिल कर बैठें और इसके सम्बध में एक राष्ट्रीय नीति का निर्धारण करें। नहीं तो पाकिस्तान बट गया, बंगला देश स्वाधीन हो गया और

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

हिन्दुस्तान में मुस्लिम लीग बढ़ रही है, हिन्दुस्तान में फिरकापरस्ती बढ़ रही है। दीक्षित जी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। दीक्षित जी आज उस पद पर विराजमान हैं जिन पर कभी सरदार पटेल बैठते थे। उन्हें कुछ सरदार पटेल से प्रेरणा लेनी होगी, उन्हें राजा जी की राजनीतिक विलक्षणता से भी कुछ सीखना होगा। उन्हें पन्त जी के धैर्य और प्रशासन क्षमता का भी अनुकरण करना होगा। संकट की इस घड़ी में अगर गृह मंत्री के रूप में वह राष्ट्र की नौका को सीधा भंवर से निकाल कर सुरक्षा और शान्ति के तट तक पहुंचा सके तब गृह मंत्री का पद सफल हो सकता है अन्यथा आने वाले संकटकाल में वह गृह मंत्रालय को तो भंवर में ले ही बैठेंगे लेकिन साथ ही देश के लिये भी ऐसी कठिनाई पैदा करेंगे जो लोकतंत्र को भी खतरे में डाल सकती है।

अध्यक्ष महोदय : मुझे तो आपसे उर्दू बोलने की इजाजत है न कभी कभी।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उर्दू मुझे भी बहुत अच्छी लगती है। उर्दू की शायरी का तो मैं भी बहुत कायल हूं।

अध्यक्ष महोदय : जो भी गैर शादीशुदा होता है वह उर्दू की शायरी पर फरेफता होता ही है।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेट : मुझे मौका दिया जाये। मैं कुछ बातों की वजाहत करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : आप बैठिये, जब आपको मौका मिले आप कर लेना।

श्री दरबारा सिंह : (होशियारपुर) : कल से होम मिनिस्ट्री पर बहस हो रही है। कुछ दोस्तों ने काफी गम्भीर सवाल उठाये हैं। डेमोक्रेसी में बहुत मुश्किल है। किसी की आवाज को दबाना बहुत मुश्किल है। कानून के अन्दर रह कर अपनी बात कहने का सबको अधिकार है। लेकिन किसी को लम्बी जबान करके बोलने की भी इजाजत नहीं होनी चाहिये, मैं ऐसा भी मानता हूं। यह बहुत बड़ा और अहम महकमा है। एक घर में बैठ कर तमाम एडमिनिस्ट्रेशन की देखभाल करना इस विभाग की जिम्मेदारी है। हम नये जमाने में से गुजर रहे हैं। जो ट्रेडीशनल चीजें चली आ रही थीं उनमें चेंजिज आ रही हैं, तबदीलियां आ रही हैं। उसके कारण बहुत से सवाल उठ खड़े हुये हैं। हड़तालें होती हैं, नारेबाजी होती है, मुजाहरे होते हैं, भूख हड़तालें होती हैं। लोगों की मांगें बढ़ी हैं। जमाने के साथ साथ एक नया रंग आया है और आयेगा। इकोनोमिक ग्रोथ के साथ साथ नई प्राब्लेम्स भी सामने आ रही हैं। उनको भी इस मिनिस्ट्री को टैकल करना है। ग्रुप राइबेलरीज की देखभाल भी इनको करनी पड़ती है। रावट्स होते हैं, कम्युनल रायट्स होते हैं उनको भी इसको रोकना होता है और उस पर मैं बाद में आऊंगा यहां क्या कहते हैं और लोगों में जाकर क्या करते और कहते हैं यह सब मैं बाद में अर्ज करूंगा। रायट्स कोई बाहर वाले आ कर यहां नहीं करते हैं। कभी हिन्दू-मुस्लिम का सवाल पैदा किया जाता है और कांग्रेस तो इसको करती नहीं है.....

एक माननीय सदस्य : वही करती है।

श्री दरबारा सिंह : चोर की दाढ़ी में तिनका। मैंने आपका नाम भी नहीं लिया है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दाढ़ी नहीं है तो तिनका कहां से होगा

श्री दरबारा सिंह : सर में ले लें।

अध्यक्ष महोदय : मूंछ में कह दें।

श्री दरबारा सिंह : मूंछ भी नहीं हैं।

ग्रुप रायबेलरीज जो होती है, रायट्स जो होते हैं, कम्युनल रायट्स जो होते हैं और

जो प्रोवोकेट करते हैं, उस सबकी रोकथाम करना भी इस मिनिस्ट्री का जिम्मा है। बहुत मुश्किल काम इसके जिम्मे है। यह कहा जाता है कि यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ। बाजपेयी जी ने भी बहुत कुछ कहा। उन्होंने कहा है कि पिछले जो गृह मंत्री हुये हैं उन्होंने बहुत अच्छी तरह से इन सब चीजों को और इस मिनिस्ट्री को सम्भाला है। इसमें कोई शक वाली बात नहीं है। वे बहुत बड़े थे और उन्होंने बहुत काम किया है। लेकिन आज भी इनके सपूत जो रहे हैं आप बेफिक्र रहें कि वे भी उसको अच्छी तरह से सम्भालेंगे। मैं कारण जो है उनको अर्ज करना चाहता हूं। लैण्ड सिस्टिम में एक चेंज आई है। सरकार एक लैजिस्लेशन लाई है जमीन की हद मुकर्रर करने के लिये। इससे भी कुछ जुर्म बढ़े हैं, लड़ाई झगड़े बढ़े हैं। जिसको सरपलस जमीन मिलनी है, उसको दबाया जा रहा है। ये झगड़े बढ़ेंगे। नया सिस्टम जो हम ला रहे हैं, समाजवाद की तरफ जब हम बढ़ रहे हैं तो उसमें ऐसी चीजों का आना लाजिमी है।

हमारे देश में पापुलेशन तेजी से बढ़ रही है और प्राडक्शन कम हो रही है। पापुलेशन बढ़ने के नतायज हमारे सामने हैं। 1912 में दिल्ली की आबादी एक लाख के करीब थी, लेकिन अब वह बीस-तीस गुना ज्यादा हो गई है। इसलिए दिल्ली की प्राबलम्ज भी बढ़ गई हैं और यहां जुर्म भी बढ़ गये हैं। इस तरफ़ पूरी तवज्जुह देना गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है।

बार्डर सिक्युरिटी फ़ोर्स भी इस मंत्रालय के मातहत है। पाकिस्तान के साथ लड़ाई के वक्त उस ने बार्डर पर बहुत अच्छा काम किया। शायद कुछ लोग इस बात को नहीं मानेंगे, क्योंकि उन्होंने कभी जाकर बार्डर नहीं देखा है। लेकिन हम बार्डर से मुताल्लिका हैं और इसलिए हमको पता है कि मिलिटरी के पहुंचने तक उन्होंने बड़ी जांफ़िशानी से लड़ाई में हिस्सा लिया और देश के लिए अपना खून दिया। सरकार ने भी उनके लिए बहुत कुछ किया है और उनके बेनिफ़िट के लिए लाखों रुपये दिये हैं।

कुछ लोगों ने सी०आर०पी० के खिलाफ़ भी आवाज़ उठाई है। सी०आर०पी० के साठ बैटेलियन इसी लिए खड़े किये गये हैं कि वे देश में ला एंड आर्डर कायम रखने में सरकार की मदद करें और जहां कहीं उपद्रव हों, वहां अमन बरकरार रखें।

इसमें कोई दो रायें नहीं हैं कि 1972 के इलैक्शन बहुत हमवार्गी से और निहायत अच्छे ढंग से हुए और इतने बड़े देश में बहुत कम वाकयात हुए। यह भी गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी थी और उसने इस जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाया है।

इससे ज्यादा सताइश के काबिल और कोई बात नहीं है कि होम मिनिस्ट्री ने फ्रीडम फ़ाइटर्ज की मदद करने का काम अपने हाथ में लिया है। जो लोग इस देश की आज़ादी के लिए लड़ते रहे, जिन्होंने इस मकसद को हासिल करने के लिए अपना खून और अपनी जवानी दे दी, जो फांसी के तख़्ते पर चढ़े, जिन्होंने अपनी सारी ज़िन्दगी देश की आज़ादी के लिए न्योछावर कर दी, जिन्होंने दस, पंद्रह और बीस साल की लम्बी कैदें काटीं और जिनके ख़ानदान तबाह हो गये, उन लोगों या उनके बीवी-बच्चों के लिए सरकार ने पेंन्शनें मुकर्रर की हैं। जिन लोगों ने उस वक्त अपनी जवानी में भी आज़ादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया, उसकी तरफ़ ध्यान नहीं दिया और जेल नहीं गये, उनको इन फ्रीडम फ़ाइटर्ज की ख़िदमात का शायद एहसास न हो, लेकिन हमें पूरा एहसास है। स्पीकर साहब, आप तो उस फ़ाइट में हिस्सा लेने वालों की सफ़-अव्वल में थे। आपको पता है कि उस ज़माने में ग़रीब आदमियों ने क्या कुर्बानियां दीं और किन दुश्वारियों का सामना किया और देश के लिए आज़ादी हासिल की। इस सरकार

श्री बरबारा सिंह :

ने उन लोगों को पेन्शन देने का इन्तज़ाम किया है, इससे ज्यादा बड़ा काम अभी तक किसी सरकार ने नहीं किया है, और अगर किया होगा, तो इतने बड़े पैमाने पर नहीं किया होगा ।

मैं मिनिस्टर साहब से अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस काम को तेज़ करना चाहिए । उनमें से कुछ लोग तो करीबुल–मर्ग हैं, उनकी ज़िन्दगी के आख़िरी अयाम हैं और कुछ लोग तो मर भी चुके हैं । आज उन लोगों और उनके बीवी-बच्चों की मदद करने की ज़रूरत है, ताकि वे अपना गुज़ारा कर सकें । उनके स्पेशल केस बना कर फ़ौरी तौर पर एक्शन लेना चाहिए । मैं जानता हूं कि सरकार ने यह फ़ैसला किया है कि 15 अगस्त तक तमाम एप्लिकेशन्ज़ को सार्ट आउट कर के सब लोगों को पेन्शन दे दी जायेगी और एक साल का बकाया भी दिया जायेगा । यह एक काबिले-तारीफ़ काम है । इसका नतीजा यह होगा कि वे फिर से अपनी ज़िन्दगी शुरू कर सकेंगे और उन विद्दतों का मुकाबला कर सकेंगे, जो इस वक्त मुल्क में सिर उठा रही हैं । इस काम के लिए होम मिनिस्ट्री की सताइश करना ज़रूरी है ।

जहां तक क्राइम का ताल्लुक है, अब क्राइम करने वाले भी नये ढंग इस्तेमाल करते हैं । अब कोई पैदल जाकर क्राइम नहीं करता है, बल्कि अब कारों में जा कर क्राइम किये जाते हैं । अब क्राइम करने वालों के पास भी जदीद असलहा है और वे भी नये साइंटिफ़िक ढंग से काम करते हैं । इसलिए उन लोगों का मुकाबला करने के लिए पुलिस को भी नये हालात के मुताबिक आर्गनाज़ करना चाहिए और उस के लिए और ज्यादा ट्रेनिंग सेंटर बनाये जाने चाहिए । जिस हालत में से हम गुज़र रहे हैं, उस में पुलिस को इनटेलिजेंस और क्रिमिनालोजी के फ़ील्ड्ज़ में नई साइंटि-एक ट्रेनिंग देना निहायत ज़रूरी है ।

यह ठीक है कि सरकार स्मगलिंग की रोक-थाम कर रही है । लेकिन इस बारे में स्टेट गवर्नमेंट्स को खींचने की ज़रूरत है । स्मगलिंग ज्यादातर ओपियम, पोस्त, सोने और करन्सी की होती है । सब से ज्यादा खतरनाक और एन्टी-नैशनल एक्टिविटीज़ उन इन्टर-नैशनल रैकेटियर्ज़ की हैं, जो करन्सी की स्मगलिंग करते हैं । यह बड़ा भारी जुर्म है । देश का करोड़ों रुपया इस ढंग से ज़ाया किया जा रहा है । उन लोगों की मरम्मत करने की ज़रूरत है ।

इसके अलावा इल्लिमिट डिस्टीलेशन करके, घर में शराब बना कर, उसको बेचा जाता है । उन लोगों का ज़ोनल सिस्टम बना हुआ है । उनके बड़े बड़े सप्लाई के सेंटर हैं । वहां से वह शराब ज़ोन्ज़ को सप्लाई की जाती है और फिर आम आदमी को बेची जाती है । आज पकड़ा वह शख़्स जाता है, जिसके पास एक बोतल होती है, जब कि वह नहीं पकड़ा जाता है, जिसके पास हज़ारों बोतलें होती हैं । इस तरफ़ ध्यान देने की ज़रूरत है । मार्फ़िया के इन्जक्शन लगाने का काम भी चल रहा है । शराब का नशा तेज़ करने के लिए उसमें बहुत ज़हरीली चीजें डाली जाती हैं । यह ठीक है कि बार्डर पर जो सोने की स्मगलिंग होती है, सरकार उसकी तरफ़ ध्यान दे रही होगी, लेकिन इस सिलसिले में और ज्यादा सख़्ती से पहरा देने की ज़रूरत है । सरकार के पास ऐसी फ़ोर्स है, जो इसको रोक सकती है ।

आज हमारे मुल्क में पोस्त और ओपियम वगैरह की एडिक्शन को रोकने की ज़रूरत है । हमारे समाज को इससे बहुत नुक्सान हो रहा है । अगर हमारे लोगों की जान कायम रहे, लेकिन उनका शरीर तंदुरुस्त न हो, तो फिर देश की तरक्की कैसे हो सकती है ? वे पोस्त पी कर, अफ़ीम खा कर और शराब पी कर एक अच्छी नेशन नहीं बना सकते हैं ।

खाविन्द और बीवी का झगड़ा हो या नौकर और मालिक का झगड़ा हो, ये सब खुराफ़ात सरकार को तय करनी पड़ती हैं। मन्दिर और मस्जिद का झगड़ा हो, दो सूबों का आपस में झगड़ा हो, रायटस हों या कम्युनल फ़ीलिंग्ज को उभारा जाता हो, तो सरकार को कुछ प्रीकाशनरी मेज़र्ज़ और एडमिनिस्ट्रेटिव मेज़र्ज़ लेने होते हैं। यह आसान बात नहीं है। सब से कठिन काम इस मिनिस्ट्री का है। बच्चा जब से पैदा होता है तब से लेकर मरने तक इसका इंतजाम, इसका दखल जरूरी है वहां। जिन हालात में यह चल रही है आप इसे एप्रिशिएट करेंगे। सारे झगड़े जो हैं, बेशक रुपये का हो, वह भी इनके पास आयेगा, जमीन का हो, तो भी किसी न किसी सूरत में इनके पास आयेगा, कम्युनल रायटस हों, धर्म के नाम पर, वे भी इनके पास आयेंगे। बड़े चुस्त अलफाज में वाजपेयी जी ने इन रायटस के बारे में कहा है। बहुत अच्छ अलफाज हैं। लेकिन अफसोस है कि उसको वह अमल में नहीं लाते। अगर लायें तो बहुत अच्छा होगा।

उर्दू की वह सपोर्ट करते हैं लेकिन कहते हैं कि हिन्दू के लिए नहीं होनी चाहिए, मुसलमान के लिए होनी चाहिए। राज भाषा या दूसरी भाषा के रूप में कहीं उसकी गुंजाइश होनी चाहिए। जब वह यह कहते हैं कि उर्दू भारत की जबान है तो फिर मुसलमान के नाम पर इस जबान को क्यों लगाते हैं। इसका विरोध इसीलिए हो रहा है कि उर्दू जो है उसके लिए उनके दिल में कुछ और है और यह कहा उन्होंने बहुत चुस्ती से और बहुत समझदारी से जब बीच में उन्होंने यह कहा कि इससे आप पाकिस्तान जगह जगह देखेंगे। यही बात है जो आप यू०पी० में ले जा कर कहना चाहते हैं। लेकिन आप भूलें नहीं कि वे हिन्दुस्तान में पैदा हुए हैं और इसी धरती पर पैदा हुए हैं, कहीं बाहर से आ कर नहीं बसे हैं, इसलिए उनका भी उतना ही हक है माइनोरिटी के नाते जितना और किसी का है। आप माइनोरिटी में यकीन नहीं करते, मत करें लेकिन माइनोरिटी है और कायम है। उसको अधिकार देने होंगे और उनके लिए कुछ न कुछ करना होगा ताकि वे उस मतह पर आ सकें जहां उनकी इनफीरियारिटी कम्प्लेक्स निकल पाये ताकि वे देश के तरक्की के कामों में अपना हिस्सा ले सकें और कह सकें कि हम भी इस देश में हिस्सेदार हैं, हम भी इस समाज में रहने वाले हैं। अगर यह नहीं करेंगे तो आप उनको दूर फैंकेंगे और दूर फेंक कर जो नतायज हमने देखें हैं आपके सामने हैं। कहते हैं कि तकसीम हुई, पाकिस्तान बना, हमने उससे सबक नहीं सीखा। किसने नहीं सबक सीखा? हमने तो बहुत कुछ सीखा है। आप तो बहुत दूर बैठे हुए हैं। हम रोज सीखते हैं। पाकिस्तान के बोर्डर पर बैठने वालों को पता है कि क्या मजे हमें इसके मिलते हैं। आपको समझना चाहिए कि अन्दर आपके कुछ और है और बोलने आप कुछ और हैं। आपकी अन्दरूनी तसवीर एक्सरे में नहीं आती है, इसलिए आप बचे हुए हैं। जो आप कहते हैं उसी पर चलें तो ये जो झगड़ें रोज होते हैं वे न हों। कहीं यू० पी० में झगड़ा हो गया, कहीं मध्य प्रदेश में हो गया, कहीं रायटस हो गये। ये रायटस कौन कराता है और इनको करा कर खुद जो चोर है वह दूसरे पर हाथ रखता है और कहता है कि यह चोर है। जहां तक कांग्रेस का तालुक है इस पार्टी के लोगों ने अपनी जान दी है, माइनोरिटीज को बचाने के लिए और हिन्दुस्तान में नेशनलिज्म को कायम करने की कोशिश की है। हमने कभी यह नहीं किया कि फिरकेदारी की आवाज उठा कर एक दूसरे को बांटें। फिर वह नेशनलिज्म क्या हुआ? कांग्रेस का फिलसफा यही है, जो बुनियादी चीज है वह इसी पर खड़ी है कि हम इसमें यकीन करते हैं क नेशनलिज्म ही हमें आगे ले जा सकता है। इसलिए हम सब को साथ ले कर चलते हैं। माइनोरिटी के लिए वाजपेयी जी का यह कहना कि माइनोरिटीज कहां होती हैं, क्या होती हैं, आप होते तो आपको ले चलता। आप एक स्वीपिंग रिमार्क करके इससे बच कर

श्री दरबारा सिंह :

निकल नहीं सकते । हम माइनोरिटीज की खुद यहां हाउस में नामजद करते हैं और वे आपके साथ बैठ कर अपोजीशन में रोज कांग्रेस की मुखालफत करती है । फिर भी सारी माइनोरिटीज का ध्यान कांग्रेस को है ।

पालिटिकल बातों के बारे में उन्होंने कहा कि आंध्र में, असम में यह हुआ । झगड़े जहां होंगे वहां पुलिस पहुंचेगी, वहां उसे इंतजाम करना पड़ेगा और इंतजाम में गोली चली इसमें कोई शक नहीं । लेकिन गोली चलवाने वाले पीछे होते हैं और मरने वाले और होते हैं । आप अपना अंदाजा कीजिये कि आप क्या कर रहे हैं । मुझे उस तरफ न ले जाइये जहां मुझे आपको बहुत कुछ कहना पड़े ।

एंटी करप्शन मेजर्स सरकार ले रही है, इससे शक नहीं । लेकिन हमारी बाडी पालिटिक में यह बात आ गई है । मैं किसी सूबे की बात नहीं करता । जो बोलते हैं वे अपने सूबे में झांक कर देख लें । करप्शन यह नहीं कि सरकारी सतह पर ही है । यह समाज में एक बहुत भारी बुराई है जिस को आपको काटना होगा । बुराई किसी एक वजीर के खिलाफ हो, ऐसी बात नहीं है । आप देखें कि जहां किसी को आसानी से रुपया दस्तयाब हो सकता है, उसको हासिल करने की वह कोशिश करता है । मैं बड़े वाजह अलफाज में कहना चाहता हूं कि ब्यूरोक्रेसी की वर्किंग की ढील से ऐसा हो रहा है । अगर तेजी से काम हो, फाइल पर फाइल जमी न रहे और बीसियों हाथों से घूम कर न आये तो बहुत कुछ फर्क पड़ सकता है और काम वक्त पर और तेजी से चल सकता है । वरना यह करप्शन घर कर रहा है । इसको आप तोड़िए और स्पीड अप करिए इस बात को कि वह लोग अपनी फाइलों का काम जल्दी से करें । साथ ही जितनी रुकावटें हैं उनको दूर करिए । क्योंकि जिसके पास काला धन है वह किसी न किसी ढंग से पहुंचता है और आप के नेक काम करने वालों पर भी धब्बा लगाने का काम करता है । वह पहुंचता है उस जगह जहां उसको जगह मिलती है, जहां उसको गुंजाइश मिलती है, जहां उसको पैसा देने का मौका नजर आता है और अपना काम करवाता है । ये जो अपने काम करवाते हैं वह वही बड़े बड़े लोग हैं, कैपिटलिस्ट्स हैं, सरमायेदार हैं । गरीब का काम वहीं रुका पड़ा है । आप गरीब के अलमबरदार हैं और ये लोग इस रास्ते में रुकावट हैं । इस रुकावट को लाजिमी तौर पर दूर करिये ।

इन अल्फाज के साथ अध्यक्ष महोदय, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आप ने मुझे वक्त दिया । मिनिस्ट्री से मैं यह कहूंगा कि माइटिफिक तरीके से देश की हालत में सुधार लाने की कोशिश वह कर रहे हैं, इस तरह से वह लोग पकड़ में आ सकते हैं, जुर्म कम हो सकते हैं, तेजी से काम चल सकता है और वह सारी की सारी जो रुकावटें हैं उन को दूर किया जा सकता है, इसलिए साइंटिफिक लाइन पर सारी पुलिस को वह ले आयें और पुलिस को भी मकान की और दूसरी और सहूलियतें देनी चाहिएं । साथ ही सिपाही को ढंग से इस बात की ट्रेनिंग भी देनी चाहिए कि उसको आज इस बीसवीं सदी में किसी के पास पहुंचने के लिए कितनी तहजीब, तमद्दुन, एहतियात और होशियारी से काम करना है । इन अल्फाज के साथ मैं आप का फिर शुक्रिया अदा करता हूं ।

13.27 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगूसराय) : श्रीमन्, विगत वर्ष गृह मंत्रालय की घोर असफलताओं का वर्ष माना जायेगा । चाहे आप असम की भाषाई अशांति और उपद्रव को ले लें या आप आन्ध्र प्रदेश की उस तहरीफ को ले लें जो मुल्की आईन और पृथक्करण को ले कर बड़े पैमाने पर हुई थी, किसी भी मामले में हम ने गृह मंत्रालय की दक्षता का

प्रमाण नहीं देखा । और मालूम होता है कि कुछ हाउजवाइफ की तरह सारे मसले को बिलकुल कारपेट के नीचे ढक देने में ही गृह मंत्रालय विश्वास रखता है । अभी तक असम के सम्बन्ध में कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया जिससे मालूम हो कि भविष्य में उस तरह की अशांति फिर वहां नहीं खड़ी हो जायेगी ।

साथ ही साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि इस माननीय गृह मंत्रालय की निष्पक्षता के सम्बन्ध में जितना गहरा सन्देह उत्पन्न हुआ उतना कभी नहीं हुआ था । आज तो सी०बी०आई० के बारे में ही यह सन्देह होने लगा है कि क्या इस को एक दल विशेष यानी सत्तारूढ़ दल के स्वार्थ साधन का माध्यम नहीं बनाया गया है ? दिल्ली की पुलिस का तो ऐसा हाल है कि हम मजबूर होते हैं यह कहने को कि वह सत्तारूढ़ दल के स्वयंसेवक दल की तरह काम कर रही है । इस सदन में कई बार जोर देकर बताया गया है कि विरोधी पक्ष के कार्यालयों पर पुलिस की मौजदगी में किस तरह से कुछ लोगों ने आक्रमण किये । उन घटनाओं का पूरा वर्णन करना इस सभा के सम्मुख अभी संभव नहीं है । अभी हाल में मिरांडा हाउस में जिस तरह की घटना हुई और पुलिस ने वहां कार्यवाही करने में जैसी हिचकिचाहट की उसका हम ने कुछ ही दिनों पहले यहां जिक्र किया था । आज तक जनता के दिमाग से यह संदेह दूर नहीं हुआ कि क्यों उस गाड़ी को नहीं पकड़ा गया जिस गाड़ी के नम्बर और रंग को वहां की लड़कियों ने बताया था । एक ही कारण उसका मालूम होता है कि वह जिस व्यक्ति की गाड़ी थी वह एक पूंजीपति है और वह सत्तारूढ़ दल की महासभा का सदस्य है, इसीलिए उसकी गाड़ी को नहीं पकड़ा गया । यह तो यहां की पुलिस का हाल है ।

उपाध्यक्ष महोदय, जब हमारी लड़कियों की जान और इज्जत के साथ इस तरह पुलिस खिलवाड़ कर सकती है तो आम जनता के जानोमाल का क्या हाल होगा---आप इसका सहज ही में अन्दाजा कर सकते हैं । अगर आप मोदी-काण्ड को ही ले लें तो इसमें भी पुलिस का जो हाल रहा या यहां के प्रशासन का जो हाल रहा है, आप उससे पूरी तरह से अवगत हैं श्री मोदी के ऊपर मेन्टेनेन्स आफ़ इन्टरनल सिक्योरिटी एक्ट के अन्दर जो कार्यवाही करने की बात की गई थी, जो दफ़ायें लगाई गई थीं, उसको क्यों हटा लिया गया ? इस बात पर सभी दल एक मत हैं कि जमाखोरी के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए । अगर ऐसी बात है तो ऐसी जमाखोरी की जो मिसाल हमारे सामने आई और जो रंगे हाथों पकड़ा गया, उस पर क्यों "मीसा" के अन्दर कार्यवाही नहीं हुई---इसकी सफ़ाई भी सरकार आज तक नहीं दे पाई है । अगर यहां के गवर्नर साहब ने सख्त कार्यवाही करने का आदेश नहीं दिया और उसको उठा लेने की बात की, तो मैं समझता हूं कि गवर्नर साहब ने उचित बात नहीं की और उनके ऊपर गृह मंत्रालय का दबाव पड़ा, जिसकी वजह से उन्होंने ऐसा किया ।

अब मैं एक दूसरी बात को लेता हूं जिस के सम्बन्ध में यहां पर कई बार चर्चा हुई है तथा गृह मंत्रालय की निष्पक्षता के सम्बन्ध में सन्देह बढ़ा है । जिस तरह से हरियाणा के मुख्य मंत्री के सम्बन्ध में गृह मंत्री जी ने, जो इस समय गृह मंत्री हैं, लेकिन उस समय स्वास्थ्य मंत्री होते थे, उन के पाक-साफ़ होने की घोषणा की थी जब कि उनके ऊपर जांच-पड़ताल चल रही थी । इससे सब को मालूम हुआ कि उनका कितना पक्षपातपूर्ण व्यवहार रहा है । हम ऐसे गृह मंत्री से क्या उम्मीद कर सकते हैं कि अगले वर्षों में उनके मंत्रालय की जो कार्यविधि होगी, उसमें वह पूरी तरह से निष्पक्षता बरतेंगे ? मैं आप से साफ़ तौर से पूछना चाहता हूं---गृह मंत्री के जो प्रतिनिधि

[श्री श्याम नन्दन मिश्र]

यहां बैठे हुए हैं, उनसे पूछना चाहता हूं—क्या आपने अभी तक इस का कोई जवाब दिया कि जब हरियाणा के मुख्य मन्त्री के खिलाफ़ जांच-पड़ताल हो रही थी तो उस समय के स्वास्थ्य मन्त्री ने क्यों उनके पाक-साफ़ होने की घोषणा की थी, क्या आज इस तरह से शासन चलाना चाहते हैं, क्या इस तरह से लोकतन्त्र चलाना चाहते हैं ? और, वही साहब आज गृह मन्त्री बन कर बैठे हैं। इसलिये यह बिल्कुल साफ़ है कि इनमें वह क्षमता नहीं है कि पूरी निष्पक्षता से गृह मन्त्रालय की कार्यविधि को चला सकें।

आप अल्पसंख्यकों की बातों को ही ले लीजिये—जिसके सम्बन्ध में यहां पर काफ़ी चर्चा हुई है। अल्पसंख्यकों के दिमाग़ में आज जितनी चिन्तायें हैं, यदि उनको दूर नहीं किया तो एक बड़ी विचित्र परिस्थिति यहां पैदा हो जायेगी। गृह मन्त्रालय इसके लिये साफ़ तौर पर जिम्मेदार है कि अल्पसंख्यकों के दिमाग़ में इस तरह की निराशा या चिन्तायें बढ़ी हैं। नेशनल इन्टीग्रेशन कौन्सिल जिसकी स्थापना बड़ जोर शोर से हुई थी—आज वह (नेशनल इन्टीग्रेशन कौन्सिल) कहां है ? हम रिपोर्ट में पढ़ते हैं कि नेशनल इन्टीग्रेशन कौन्सिल के सचिवालय का विस्तार हो गया है, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि नेशनल इन्टीग्रेशन कौन्सिल की बैठक कितने दिनों से आज तक नहीं हुई। ऐसा लगता है कि नेशनल इन्टीग्रेशन कौन्सिल को किसी बरफ़ानी चादर की कब्र में रख दिया गया है—यह हालत है आपके नेशनल इन्टीग्रेशन कौन्सिल की।

दूसरा कारण जो अल्पसंख्यकों के दिमाग़ में चिन्ता का है, वह यह है कि जब हम मूलभूत अधिकारों के सम्बन्ध में यहां पर एक विधेयक पर चर्चा कर रहे थे तो विरोध पक्ष वालों ने कहा था कि आप अल्प संख्यकों के मूलभूत अधिकारों को न छूयें, उसको स्पर्श न करें, उनके अधिकार अक्षुण्ण रहने चाहियें, उनके फण्डामेन्टल अधिकार ज्यों के त्यों रहने चाहियें और उनमें संशोधन करने की इजाजत सदन को नहीं होनी चाहिये। उस समय हम लोगों ने फ्रेंक एन्टनी साहब के एक संशोधन पर मुत्तहदा तौर पर वोट दिया था, लेकिन सरकार ने हम लोगों की राय नहीं मानी। आज इससे भी अल्पसंख्यकों के दिमाग़ में बहुत कुछ चिन्ता पैदा हो गई है।

अलीगढ़ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में जिस तरह से विधेयक लाया गया, मैं आपसे साफ़ तौर पर निवेदन करना चाहता हूं, उससे इस सदन का सिर शर्म से झुक जाना चाहिये जब हम उस पर विचार कर रहे थे, उस समय जिस तरह से उस विधेयक पर तरमीमों पर तरमीमें आ रही थीं, कागज के पुर्जे आ रहे थे, सदन में काम करने का यह ढंग नहीं हो सकता और हमने उस समय भी विरोध किया था और आज भी विरोध करते हैं। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के विधेयक को जिस तरह से यहां लाया गया, जिस तरह से पेश किया गया वह गलत तरीका था और उसी का नतीजा आज आप देखते हैं, आज उस कानून को लेकर कितना घोर असन्तोष चारों तरफ फैला हुआ है। वह बिल्कुल अलोकतान्त्रिक विधेयक यहां पर लाया गया और उसी तरह से वह पास भी हुआ।

तीसरा कारण जो अल्पसंख्यकों के दिमाग़ों में चिन्ता पैदा करने का है—मैंने अभी उस रिपोर्ट को पूरा नहीं देखा है, फ्रेंक एन्टनी साहब मौजूद हैं शायद उनको याद होते—कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करते हुए एटार्नी जनरल ने कहा था—दि राइट आफ रिलीजन इज़ नाट ए फण्डामेन्टल राइट। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप के एटार्नी जनरल को ऐसा कहना चाहिये ? मैं ज़रा इसके बारे में चैक करूंगा, मेरे पास फाइल है, अभी मैं उसको पूरी तरह से देख नहीं पाया हूं, लेकिन जहां तक मुझे याद है, उसी के आधार

पर कह रहा हूं और अगर मैं गलत कह रहा हूं तो माननीय मन्त्री जी उसका संशोधन कर दें, मैं उनकी बात मान लूंगा । जिस राज्य का एटार्नी जनरल सुप्रीम कोर्ट के सामने जाकर कहे--दि राइट आफ़ रिलीजन इज़ नाट ए फण्डामेन्टल राइट, तो आप समझ सकते हैं कि अल्पसंख्यकों के दिमाग पर उसका क्या असर पड़ेगा । मैं चाहता हूं कि आप इसको देखें ।

मेरा साफ सुझाव है--अगर आप चाहते हैं कि अल्पसंख्यक यहां पर अच्छी तरह से रहें और उनके दिमाग पर किसी तरह की चिन्ता या अन्देशा न हो तो आप को एक विजिलेंस कमीशन की तरह से "सिविल राइट्स कमीशन' बनाना चाहिये । उस सिविल राइट्स कमीशन को यह अख्तियार हो कि अल्पसंख्यकों की शिकायतों पर विचार करे और उन पर अपना निर्णय दे । बहुत सी शिकायतें इस तरह की होती हैं कि उनके ऊपर कानूनी तौर पर फैसला नहीं किया जा सकता, लेकिन यह कमीशन उसमें जा सकता है और उस के बारे में फैसला कर सकता है । इसीलिये सुप्रीम कोर्ट के एक भूतपूर्व प्रधान न्यायाधीश ने इसी तरह का सुझाव दिया था । और मैं यह भी समझता हूं कि अल्पसंख्यकों के जो हुकूक होने चाहिये, आर्थिक जीवन में या रोजगारी में, उन को भी देखना होगा, वरना उन के अन्दर एक बड़ी गहरी अशांति पैदा हो जायगी । हम कहते हैं कि बहुत से नौजवान आज बिलकुल निराश हो रहे हैं, बौखला रहे हैं--निराशा और बौखलाहट बहुसंख्यकों में भी हो सकती है, लेकिन अल्प संख्यकों में ज्यादा हो सकती है, क्योंकि अल्प संख्यकों के सम्बन्ध में मेरा ख्याल है कि जहां उन को मिनिस्टर बनाना आसान है, उन का खानसामा बनना मुश्किल है । मैंने पहले भी एक बार इस सदन में कहा था और आज उस को फिर दोहराना चाहता हूं--एक मसलमान के लिये मिनिस्टर बनना आसान है, खानसामा बनना मुश्किल है । आप मिनिस्टर बना देते हैं--नुमाइश के लिये, अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिये, लेकिन जहां तक मुसलमान नौजवानों के लिये रोजगार का सवाल है, वह खानसामा भी नहीं बन पाता । इसलिये मेरी यह राय है कि इकानामिक-लाइफ, राष्ट्रीय आर्थिक जीवन में उनको न्यायपूर्ण और उचित स्थान मिलता है या नहीं, इस के लिये एक कमीशन बनना चाहिये । हम कई बार देखते हैं कि आर्थिक दृष्टि से, व्यापार या उद्योग के क्षेत्र में उनका जितना स्थान होना चाहिये, उतना नहीं मिल पाता है ।

अब मैं एक शब्द मद्य निषेध के बारे में कहना चाहता हूं--मद्य निषेध योजना को सरकार ने जिस तरह से खत्म कर दिया है, यह बड़ी निन्दा की बात है । मेरा ख्याल है कि सरकार ने जो हमारे निदेशक सिद्धान्त हैं उन की अवहेलना की है, वरना क्या आज आप ऐसी बातें देखते कि महाराष्ट्र में शराब की कीमतों में 30 फीसदी की कमी की जाय और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें 30-35 प्रतिशत बढ़ जायें यह तरीका है हमारी सरकार का और विशेष कर सत्ता रूढ़ दल का इस देश में मौरल-क्लाइमेट बनाने का । अगर यही तरीका देश में वातावरण बनाने का चलता रहा तो मैं समझता हूं कि इस देश में वैसे हिप्पी पैदा होंगे । जिनके ज्यादा खतरनाक होने की बात आप समझ सकते हैं । दूसरे देशों में जो हिप्पी बनते हैं वे वहां ऐफ्लुएन्स के आधार पर, समृद्धि के आधार पर बनते हैं । लेकिन हमारे यहां जो हिप्पी बनेंगे वह बेकारी और गरीबी के आधार पर बनेंगे और वे बड़े खतरनाक होंगे ।

आखिरी बात यह है कि फीडम फाइटर्स, स्वतन्त्रता सेनानियों को पेन्शन देने की जो बात कही गई है उसमें जिस तरह की रुकावटें आ रही हैं और जिस तरह से लोगों को तरदुद का सामना करना पड़ रहा है वह इस शासन के लिए और इस सदन के लिए शोभनीय नहीं है । यह सारा सदन उस तहरीक की

[श्री श्यामनन्दन मिश्र]

औलाद है जो स्वतंत्रता सेनानियों ने यहां पर पैदा की थी । आज उनको तरह-तरह की ठोकरें खानी पड़ती हैं और उनको सर्टिफिकेट नहीं मिल रहे है । इसके लिए मेरा एक सुझाव है । अगर आप 6 महीने या साल भर के सर्टिफिकेट की बात करते हैं तो आप बहुत सी जगहों में देखेंगे कि पन्ने के पन्ने गायब हैं किताबों से तो फिर वे लोग करें क्या ? इसलिए ऐसा होना चाहिए कि हर एक जिले में एक सर्वदलीय समिति जाये और दो तीन दिनों में फैसला कर दे कि कौन से व्यक्ति ऐसे थे जिन्होंने 6 महीने या उससे ज्यादा जेल की सजा भुगती थी । इस तरह से यह मामला बिल्कुल साफ हो जायेगा और उसमें किसी तरह का कोई तरद्दद नहीं उठाना पड़ेगा ।

इसके साथ-साथ जो हमारे क्रान्तिकारी साथी थे उनके साथ भी बड़ा दुर्व्यवहार हो रहा है । जेल में उन्होंने सजा भुगती थी लेकिन उनके ऊपर खून की या दूसरी दफायें लगाई गई थीं । आज उनको मान्यता नहीं दी जा रही है । उन्होंने इस बात की चेतावनी दी है, मेरे पास खत आया था, कि अगर सरकार ने उनके साथ न्याय नहीं किया तो वे मजबूर होंगे उन रास्तों को अख्तियार करने के लिए जो उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अख्तियार किए थे । इस लिए मैं चेतावनी दे देना चाहता हूं कि उनके लिए भी कायदे काफी सहज बनाये जायें ताकि उनको भी मदद मिलने में आसानी हो ।

SHRIMATI JYOTSNA CHANDA (Cachar): Mr. Deputy-Speaker, I find from the report of the Ministry of Home Affairs that there has been mention of violence and tension in Assam in 1972. I am sorry to find that no mention has been made about the loss of property of lives; I would have been glad if. I could find it, While rising to support the demands, I should like to draw the attention of the Government to the disturbances in Brahmaputra valley in the later part of 1972 in the name of language. Language distrbances have become a constant feature in Assam and have occurred in various occasions, the most serious one being those in 1972, that is, after the census. Each time the State machinery failed to meet the situation and this time the conduct of the police was reprehensible. It is unfortuate that the Union Government's belated action gave indulgence to parochial, linguist chauvinists and hooligans. Those officers who had been responsible for dereliction of their duties have not yet been found out or taken to task. The employees of the All India Radio stations of Gauhati and Dibrugarh who indulged in anti-Bengali propanganda had been merrily spreading the venom through drama and other things and it is sad that the Union Government had not taken any action about those radio stations. Unless exemplary punishment is given to those who either helped or abetted the hooligans, the danger of recurrence is always there and it is this parochialism and linguistic chauvinism released by a section of the Assamese leadership which has resulted in the bifurcation of the State of Assam into Nagaland, Arunachal, Meghalaya and Mizoram. They have all gone out of Assam.

The result of imposition of Assamese language is the main cause of it. There is again a demand from the people of border areas of North Cachar Hills.

SHRI D. BASUMATARI (Kokrajhar): represent Cachar.

